**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**04.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1482 का उत्तर**

**दक्षिणी क्षेत्र में और अधिक वंदे भारत रेलगाड़ियां**

**1482. श्री थरानिवेंथन एम. एस. :**
**श्री मलैयारासन डी. :**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने हाल ही में कुछ और मार्गों पर वंदे भारत रेलगाड़ियों का संचालन शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) आगामी वर्षों में कितनी वंदे भारत रेलगाड़ियां चलाए जाने का प्रस्ताव है;**

**(ग) क्या सरकार वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों के कारण निकट भविष्य में दक्षिणी क्षेत्र विशेषकर तमिलनाडु में ऐसी और रेलगाड़ियों पर विचार किए जाने की संभावना है; और**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ) : 28 नवंबर, 2024 तक, भारतीय रेल नेटवर्क पर 136 वंदे भारत रेल गाड़ी सेवाएं चल रही है। बहरहाल चूंकि, रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है, इसलिए ऐसी सीमाओं के आर-पार नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार, गाड़ियां शुरू की जाती हैं। वर्तमान में, 16 वंदे भारत एक्सप्रेस, 4 वंदे भारत एक्सप्रेस, 12 वंदे भारत एक्सप्रेस और 10 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं आरंभिक/अंतिम आधार पर, क्रमशः तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्यों के स्टेशनों की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर वंदे भारत सेवाओं सहित रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।**

*********